# 16 राजस्थान के उद्योग

1. दिल्ली–मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत राज्य में किस स्थान को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा ?
(1) किशनगढ़ (2) नीमराणा
(3) पाली (4) सांगानेर (2)

**व्याख्या–** इस कोरिडोर के तहत नोड 7 (खुशखेड़ा भिवाड़ी नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन) में नीमराणा को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

2. निम्नांकित में से कौन सा एक सुमेलित नही है–

| उद्योग | अवस्थिति |
|---|---|
| (1) सीमेन्ट | – मोडक |
| (2) उर्वरक | – गढ़ेपान |
| (3) ग्लास(काँच) | – लीलवानी |
| (4) ताँबा | – खेतड़ी |

(3)

**व्याख्या–** लीलवानी (बाँसवाड़ा) में मैंगनीज की खान है।

3. निम्न में से किस स्थान पर सहकारी कताई मिल है?
(1) अलवर (2) जयपुर
(3) हनुमानगढ़ (4) चित्तौड़गढ़ (3)

4. राज्य में गैस पर आधारित नाइट्रोजन उर्वरक संयंत्र किस स्थान पर स्थित है?
(1) गढेपान (कोटा) (2) अन्ता (बारां)
(3) धौलपुर (4) मोडक (कोटा) (1)

5. राज्य की पहली चीनी मिल कौनसी है ?
(1) दी मेवाड़ शुगर मिल्स लि. भोपालसागर, चित्तौड़गढ़
(2) गंगानगर शुगर मिल्स लि. श्रीगंगानगर
(3) केशोरायपाटन सहकारी शुगर मिल्स लि., केशोरायपाटन
(4) उदयपुर शुगर मिल (1)

**व्याख्या–**यह मिल 5 अप्रैल 1932 को निजी क्षेत्र में 'मेवाड़ इंडस्ट्रीज' के नाम से स्थापित की गई। 1940 में इसके नये मालिक ने 'मेवाड़ शुगर मिल्स लिमिटेड' के नाम से इसमें उत्पादन प्रारम्भ किया।

6. लाफार्ज सीमेंट द्वारा राजस्थान के किस स्थान पर सीमेंट संयंत्र स्थापित किया गया है?
(1) उदयपुर जिले के झामर कोटड़ा ग्राम में
(2) चित्तौड़गढ़ जिले के भावलिया ग्राम में
(3) बाँसवाड़ा जिले के तलवाड़ा ग्राम में
(4) अजमेर जिले के माकड़वाली ग्राम में (2)

**व्याख्या–** यह संयंत्र फ्रांस की लाफार्ज कम्पनी द्वारा स्थापित किया गया है।

7. राजस्थान की पहली औद्योगिक नीति किस मुख्यमंत्री के काल में अपनाई गई–
(1)भैरोंसिह शेखावत (2) हरिदेव जोशी
(3) वसुन्धरा राजे (4) अशोक गहलोत (1)

8. राजस्थान में टैक्सटाइल्स उद्योग के संकेद्रण का सही समुच्चय कौनसा है ?
(1) भीलवाड़ा–पाली–ब्यावर
(2) जयपुर–जैसलमेर–किशनगढ़
(3) पाली–अजमेर–दौसा
(4) उदयपुर–चित्तौड़गढ़–जयपुर (1)

9. सफेद सीमेंट बनाने वाली राज्य की पहली फैक्ट्री कहाँ पर स्थापित की गई ?
(1) रींगस (जयपुर) (2) ब्यावर (अजमेर)
(3) गोटन (नागौर) (4) केकड़ी (अजमेर) (3)

**व्याख्या–** राजस्थान में सफेद सीमेंट का प्रथम कारखाना जे.के. व्हाईट सीमेंट वर्क्स, गोटन (नागौर) में 1984 में स्थापित किया गया था।

10. राजस्थान में प्रथम चीनी उद्योग कहाँ स्थापित किया गया था–
(1) कमनीपुरा (गंगानगर) (2) केशोरायपाटन (बूँदी)
(3) चंदेरिया (चितौड़गढ़) (4) भोपाल सागर (चित्तौड़गढ़)(4)

**व्याख्या–** राजस्थान की प्रथम शुगर मिल्स की स्थापना 05 अप्रैल, 1932 को निजी क्षेत्र में 'मेवाड़ इंडस्ट्रीज' के नाम से स्थापित की गई थी लेकिन 1940 में इसके नए मालिक ने 'द मेवाड़ शुगर मिल्स लिमिटेड' के नाम से इसमें उत्पादन प्रारंभ किया।

11. सिकन्दरा (दौसा) में किसकी स्थापना की गई है?
(1) साइबर पार्क (2) स्टोन पार्क
(3) एपैरल पार्क (4) स्पाईस पार्क (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में निम्न स्थानों पर स्टोन पार्क की स्थापना की गई है– 1. विशनोदा (धौलपुर) 2. मंडोर (जोधपुर) 3. सिकन्दरा (दौसा), 4. मंडाना (कोटा) 5. मासलपुर (कोटा)

12. राजस्थान रिफाइनरी, पचपदरा के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है–
(1) यह एचपीसीएल तथा राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है।
(2) इसमें एचपीसीएल का हिस्सा 76 प्रतिशत तथा राजस्थान का हिस्सा 24 प्रतिशत है।
(3) इसकी परियोजना की लागत 43129 करोड़ रुपये है।
(4) यह देश की पहली ऐसी परियोजना है जिसमें बी 6 मानक तेल उत्पादन होगा। (2)

**व्याख्या–** इस रिफायनरी में राजस्थान सरकार की 26 प्रतिशत व एच.पी.सी.एल. की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

13. निम्न में से असंगत है?

| सार्वजनिक उपक्रम | स्थापना |
|---|---|
| (1) हिन्दूस्तान कॉपर लि. खेतड़ी | 1967 |
| (2) हिन्दूस्तान जिंक लि. उदयपुर | 1966 |
| (3) सांभर साल्टस लि. जयपुर | 1964 |
| (4) हिन्दूस्तान मशीन टूल्स अजमेर | 1968 |

(4)

**व्याख्या–** हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, अजमेर की स्थापना 1967 में की गई थी। यहाँ पर मशीनों व घड़ियों का निर्माण होता था, वर्तमान में यह बंद है।

14. राजस्थान का पहला स्पाइस पार्क कहाँ पर विकसित किया गया है–
(1) रामपुरा–भाटियान (जोधपुर) (2) मंडोर (जोधपुर)
(3) बोरनाड़ा (जोधपुर) (4) रामगंजमण्डी (कोटा) (1)

**व्याख्या–** 7 अप्रैल 2012 को अशोक गहलोत द्वारा इसका उद्‌घाटन किया था।

15. राजस्थान के किस स्थान पर सफेद सीमेन्ट का कारखाना स्थित नहीं है
(1) मांगरोल (चितौड़गढ़) (2) गोटन (नागौर)
(3) खारिया खंगार (जोधपुर) (4) पिण्डवाड़ा (सिरोही) (4)

16. राजस्थान में सीमेंट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारण कौन सा है–
(1) कच्चे माल की उपलब्धता
(2) अधिक तापमान वाला राज्य होना
(3) राजधानी दिल्ली के निकट होना
(4) कांडला बंदरगाह के निकट होना (1)

**व्याख्या–** सीमेंट उद्योग के लिए आवश्यक कच्चे माल जैसे चूना पत्थर, जिप्सम व कोयले की राजस्थान में पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए राजस्थान में सीमेंट उद्योग का काफी विकास हुआ है।

17. राजस्थान खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड की स्थापना कब की गई–
(1) 1957 (2) 1955 (3) 1970 (4) 1975 (2)

**व्याख्या–** राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की स्थापना अप्रैल 1955 को जयपुर में की गई थी।

18. राज्य में सर्वाधिक औद्योगिक ईकाइयाँ किस जिले में स्थित है?
(1) अलवर (2) जोधपुर
(3) जयपुर (4) कोटा (3)

19. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में सम्मिलित होने के कारण राजस्थान के किन जिलों में औद्योगिक विकास की अत्यधिक सम्भावनाएँ है–
(1) धौलपुर–करौली (2) भरतपुर–धौलपुर
(3) अलवर– जयपुर (4) अलवर–भरतपुर (4)

20. हिन्दुस्तान मशीन टूल्स कहाँ स्थित है–
(1)जयपुर (2) अलवर (3) अजमेर (4) कोटा (3)

**व्याख्या–** हिन्दुस्तान मशील टूल्स की स्थापना 1967 को अजमेर में की गई थी। इसकी स्थापना चिकोस्वाकिया की सहायता की गई थी। यहाँ मशीनों एवं घड़ियों का निर्माण होता हैं। वर्तमान में यह बंद है।

21. राज्य में बिजली के मीटर बनाने की प्रसिद्ध फैक्ट्री है–
(1) जयपुर मेटल एण्ड इलेक्ट्रीकल्स, जयपुर
(2) कैप्सटन मीटर कम्पनी, जयपुर
(3) नेशनल इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रीज लि., जयपुर
(4) सिमको, भरतपुर (1)

22. निम्न में से कौनसा कृषि आधारित उद्योग नही है–
(1) तेल उद्योग (2) सूती वस्त्र उद्योग
(3) चीनी उद्योग (4) सीमेंट उद्योग (4)

**व्याख्या–** सीमेंट उद्योग खनिज आधारित उद्योग है।

23. कौनसी जापानी कम्पनी ने हाल ही में राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम के साथ नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र(अलवर) में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है–
(1) निप्पॉन स्टील (2) डाइची
(3) टोयोटा (4) मित्सुबिशी (4)

24. कौनसी कार कम्पनी को कार बनाने के लिए खुशखेड़ा (भिवाड़ी) में 600 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, उसने 2014 में उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है–
(1) टाटा मोटर्स (2) महिन्द्रा इण्डिया
(3) निसान इण्डिया लि. (4) होण्डा सिआल (4)

25. राजस्थान में छाता उद्योग के लिए प्रसिद्ध स्थान है?
(1) हनुमानगढ़ (2) फालना
(3) निम्बाहेड़ा (4) सुजानगढ़ (2)

26. राजस्थान सरकार द्वारा 'स्पोर्टस गुड्स एंड टॉयज जोन' कहाँ पर स्थापित किया जाएगा?
(1) ब्यावर (अजमेर) (2) खुशखेड़ा (अलवर)
(3) रावतसर (हनुमानगढ़) (4) रींगस (सीकर) (2)

27. राजस्थान में कौनसा रसायन उद्योग का केन्द्र नहीं है–
(1) कोटा (2) अलवर
(3) सवाई माधोपुर (4) डीडवाना (3)

28. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये–

| (उद्योग) | (अवस्थिति) |
|---|---|
| A. सूती वस्त्र उद्योग | I. मकराना |
| B. इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग | II. डीडवाना |
| C. नमक उद्योग | III. भिवाड़ी |
| D. संगमरमर | IV. गुलाबपुरा |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | I | IV | III | II |
| (3) | III | II | IV | I |
| (4) | IV | III | II | I |

(4)

29. निम्न में से कौन सा युग्म सही नहीं है–
(1) रूड़ा– राज्य में शहरी गैर–कृषि क्षेत्र के संवर्धन की एजेन्सी
(2) रीको– राज्य में औद्योगिक विकास का सर्वोच्च संगठन
(3) राजसीको– लघु पैमाने के उद्योगों को विपणन में सहायता प्रदान करने वाली एजेन्सी
(4) आर.एफ.सी.– उद्योगों को 20 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली एजेन्सी (1)

**व्याख्या–** राजस्थान गैर–कृषि विकास एजेंसी (रूड़ा) की स्थापना नवम्बर 1995 को की गई थी। इसकी स्थापना राज्य में ग्रामीण गैर–कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

30. हैण्डीक्राफ्ट के लिए 'टाउन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस' का दर्जा किसे दिया गया है?
(1) जोधपुर (2) किशनगढ़
(3) भिवाड़ी (4) भीलवाड़ा (4)

Dhindhwal Publication

 निःशुल्क टैस्ट सीरीज से जुड़ने के लिए टेलीग्राम जॉइन करें।

31. राजस्थान के वृहद उद्योगों की संवृद्धि में सबसे महत्पवूर्ण बाधा है–
(1) विद्युत आपूर्ति की कमी एवं अनिश्चितता
(2) उद्यमिता का अभाव
(3) परिवहन सुविधाओं का अभाव
(4) पूँजी का अभाव (1)

32. सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न वित्तीय संगठनों (RIICO, RFC, RAJSICO आदि) द्वारा आकलित औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर A श्रेणी में राजस्थान के कौन–से जिले सम्मिलित किए गए हैं–
(1) जोधपुर, पाली, अजमेर, अलवर
(2) बीकानेर, सीकर, नागौर, भरतपुर
(3) जालौर, सिरोही, डूँगरपुर, धौलपुर
(4) जयपुर जिला (1)

33. राजस्थान विनियोग प्रोत्साहन योजना 2014 कब से लागू की गई–
(1) 8 मार्च 2017 (2) 8 मार्च 2015
(3) 8 अक्टुबर 2014 (4) 8 अक्टुबर 2016 (3)

**व्याख्या–** यह योजना 8 अक्टुबर 2014 से प्रारम्भ होकर 31 मार्च 2021 तक प्रभावी थी।

34. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है–

| (उद्योग) | (स्थिति) |
|---|---|
| (1) वस्त्र | – भीलवाड़ा |
| (2) उर्वरक | – मोडक |
| (3) सीमेंट | – निम्बाहेड़ा |
| (4) सोडियम सल्फेट | – डीडवाना |

(2)

**व्याख्या–** कोटा के मोडक में सीमेंट उद्योग स्थित है।

35. राजस्थान में नमक उत्पादन का कार्य करने वाली सांभर साल्ट लिमिटेड किसकी सहायक कम्पनी है–
(1) कलकत्ता साल्ट लिमिटेड (2) राजस्थान साल्ट लिमिटेड
(3) साबू सोडियम परियोजना (4) हिन्दुस्तान साल्ट लिमिटेड
(4)

**व्याख्या–** सांभर साल्ट लिमिटेड की स्थापना 30 सितम्बर, 1964 को जयपुर में की गई थी। यह हिन्दुस्तान साल्ट लिमिटेड की सहायक कम्पनी है। यह कम्पनी राजस्थान के तीन जिलों नागौर, अजमेर व जयपुर में नमक उत्पादन का काम करती है।

36. औद्योगिक सम्भावनाओं के आधार पर राजस्थान के कौनसे जिले 'A' श्रेणी के अन्तर्गत आते है–
(1) उदयपुर, अलवर, कोटा, भीलवाड़ा
(2) जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, सिरोही
(3) भरतपुर, चित्तौड़गढ़, टोंक, करौली
(4) जयपुर व अलवर (1)

**व्याख्या–** राजस्थान सरकार ने औद्योगिक सम्भावनाओं के आधार पर 1972 में सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण के आधार पर राजस्थान के सभी जिलों को 4 श्रेणियों में विभाजित किया है। जिसमें से 'ए' श्रेणी में अजमेर, दौसा, अलवर, भीलवाड़ा, पाली, जोधपुर, राजसमंद, उदयपुर, कोटा व बारां जिले शामिल हैं।

37. राजस्थान में 'फुटवियर डिजाइन एंड डवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट' कहाँ पर स्थित है?
(1) कोटा (2) नागौर
(3) अजमेर (4) जोधपुर (4)

38. सेंट गोबेन ग्लास फैक्ट्री ( फ्रांस ) की इकाई की स्थापना कहाँ पर स्थापित की गई है–
(1) गंगापुर (भीलवाड़ा) (2) आबू रोड़ (सिरोही)
(3) कहरानी (भिवाड़ी) (4) खारा (बीकानेर) (3)

**व्याख्या–** 1000 करोड़ रूपए के निवेश से इस फ्लोट ग्लास संयंत्र को 2008 में स्थापित किया गया है। यह भारत का सबसे बड़ा ग्लास संयंत्र है।

39. देश में सर्वाधिक नमक उत्पादन वाला राज्य है–
(1) गुजरात (2) राजस्थान
(3) आन्ध्रप्रदेश (4) तमिलनाडू (1)

**व्याख्या–** देश में राजस्थान नमक उत्पादन में दूसरे स्थान पर है।

40. राजस्थान में मरूस्थलीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केन्द्र (DMRC) की स्थापना कब की गई है?
(1) 1986 (2) 1984
(3) 1988 (4) 1992 (2)

**व्याख्या–** मरुस्थलीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केन्द्र (DMRC)– मरूस्थलीय क्षेत्र की स्वास्थ्य आनुसंधानिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (IMCR) द्वारा 27 जून 1984 को जोधपुर की गई थी। इसका नया नाम– राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान केन्द्र (NIIRNCD) हो गया है।